बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-261
17/04/2023

# मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चन्द्रशेखर जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 17 अप्रैल 2023 :– पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चन्द्रशेखर जी के जन्म दिवस के अवसर पर पटना में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी, पार्क नं0–2, कंकड़बाग में किया गया। राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चन्द्रशेखर जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, विधि मंत्री श्री शमीम अहमद, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, विधायक श्री मुकेश रौशन, पूर्व महासचिव बिहार राज्य नागरिक परिषद श्री अरविंद कुमार सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने स्व0 चन्द्रशेखर जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा आरती पूजन, भजन–कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीतों का गायन किया गया।

*******